# समय का सर्वोत्तम उपयोग ही जीवन की सफलता का आधार बनता है : राज्यपाल

■ राजस्थान विद्यापीठ में 47 वें अखिल भारतीय लेखांकन सम्मेलन के महाकुंभ का आगाज़

**उदयपुर, (कासं)।** लेखा शिक्षा और अनुसंधान एक-दूसरे के पूरक हैं। अनुसंधान के माध्यम से प्राप्त नवीन तथ्यों और ज्ञान को शिक्षा में समाहित करने से शैक्षिक गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थान केवल ज्ञान के केंद्र नहीं, बल्कि वे ऐसे संस्कार मंदिर हैं, जहाँ भावी पीढ़ी में कर्तव्यनिष्ठा, पारदर्शिता और मानवीय मूल्यों का बीजारोपण किया जाता है। ये विचार रविवार को भारतीय लेखांकन परिषद उदयपुर शाखा एवं राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय ऑल इंडिया अकाउंटिंग कॉफ्रेंपस एंड इंटरनेशनल सेमिनार के शुभारंभ के अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।

राज्यपाल ने कहा कि समय की ऑडिट करना भी आवश्यक है। समय का सर्वोत्तम उपयोग ही जीवन की सफलता का आधार बनता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने शब्दों और वाणी को अपनी सबसे बड़ी संपत्ति समझें, क्योंकि उनका प्रभाव गहरा और दीर्घकालिक होता है। उन्होंने कहा कि विचारों की परिपक्वता, सादगी और सत्य के प्रति साहस ये तीनों गुण मिलकर एक सशक्त व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं।

बागड़े ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे लेखांकन और वाणिज्य शिक्षा में पारदर्शिता तथा नवाचार को अपनाएं और अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से लेखांकन के नए आयामों को राष्ट्र निर्माण से जोड़ें। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े को एनसीसी केडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने मेवाड़ के वीर एवं प्रेरणा स्रोत महापुरुषों महाराणा प्रताप, मीरा बाई, पन्नाधाय, हाड़ी रानी और भामाशाह को नमन करते हुए कहा कि इन विभूतियों की त्याग, वीरता और लोकसेवा की भावना आज भी समाज के लिए दिशा-प्रदर्शक है।

सारंगदेवोत ने राज्यपाल बागड़े की नीतियों को प्रेरणास्पद बताते हुए कहा कि उनकी नीति और धर्म-नीति समाज के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने दो दिवसीय संगोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि यदि लेखांकन शिक्षा ने समय के अनुरूप परिवर्तन नहीं अपनाए तो यह विषय इतिहास के पन्नों में सिमट कर रह जाएगा।

प्रो. वल्लभ ने अपने ट्रेन मॉडल की व्याख्या करते हुए बताया लेखांकन शिक्षा का रूपांतरण, नैतिक आचरणों को सुदृढ़ करना,उत्तरदायित्व की भावना को प्रबल बनाना, लेखांकन में कार्यकुशलता को प्रज्वलित करना, भविष्य की चुनौतियों का कुशलतापूर्वक मार्गदर्शन करना। राज्य मंत्री प्रो. मंजू बाघमार ने कहा कि विकसित भारत 2047 की संकल्पना को साकार करने के लिए ऐसी ठोस व्यूह रचना आवश्यक है, जो सरकारी नीति निर्माण में मार्गदर्शक भूमिका निभा सके। उन्होंने कहा कि लेखांकन के क्षेत्र को आधुनिक युग की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और तकनीकी नवाचारों के साथ-साथ भारतीय परंपरा पर आधारित नैतिक ज्ञान का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। भारतीय लेखांकन संघ अध्यक्ष एवं गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा के कुलपति प्रो. के. एस. ठाकुर ने अध्यक्षीय संबोधन में आई ए ए के स्थापना और संगोष्ठी के उद्देशों और कार्यप्रणाली को बताया।

प्रो. संजय भायाणी महासचिव ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। संगोष्ठी की सोविनियर के रूप में डॉ. शूरवीर सिंह भानावत, सीए हेमंत, और डॉ दुर्गा सिंह द्वारा लिखित आयकर विषयक पुस्तक का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में यंग रिसर्च अवॉर्ड सहायक आचार्य डॉ अभिषेक एन को प्रदान किया गया।

इस मौके पर भूपाल नोबल्स संस्थान के प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़, सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी गुजरात के कुलपति प्रो. प्रताप सिंह चौहान, प्रो. बीएल वर्मा, पूर्व कुलपति प्रो. नागेश्वर राव, प्रो. कैलाश सोडानी, प्रो. जी. सौरल पूर्व अध्यक्ष भारतीय लेखा परिषद, रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, प्रो. सरोज गर्ग, प्रो. गजेन्द्र माथुर, प्रो. मलय पानेरी, डॉ. पारस जैन, डॉ. युवराज सिंह राठौड़, डॉ. भवानीपाल सिंह, डॉ. धमेन्द्र राजोरा, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. रचना राठौड़, डॉ. अमी राठौड़, डॉ. सुनिता मुर्डिया, डॉ. नीरू राठौड़, डॉ. अपर्णा श्रीवास्तव, डॉ. शिल्पा वर्डिया, डॉ. शिल्पा लौढा, डॉ. पुष्पकांत शाकद्वीपीय, डॉ. अभय जारौली, डॉ. हेमंत कडुनिया, डॉ. पंकज रावल, डॉ. हेमेन्द्र चौधरी सहित देशभर से आये प्रतिभागी उपस्थित थे।

## मूर्तियों का अनावरण कल

**उदयपुर, (निसं)।** स्वतंत्रता सेनानी दम्पति स्व. परशराम त्रिवेदी और स्व. शांता त्रिवेदी की मूर्ति उदयपुर में स्थापित की जा रही है जिसका अनावरण समारोह 14 अक्टूबर को होगा। राजस्थान महिला परिषद की अध्यक्ष चंद्रकांता त्रिवेदी ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि उदयपुर के चेतक सर्कल पर लवकुश इंडोर स्टेडियम के पास स्थित राजस्थान महिला परिषद में 14 अक्टूबर मंगलवार सुबह 11 बजे समारोह में दोनों की मूर्ति का अनावरण किया जाएगा।परिषद के निदेशक पूर्व राज्यमंत्री जगदीश राज श्रीमाली ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया होंगे। अध्यक्षता समाजवादी विचारक एवं पूर्व विधायक मोहन प्रकाश करेंगे। समारोह में अति विशिष्ट अतिथि निवृति कुमारी मेवाड़, विशिष्ट अतिथि उदयपुर के पूर्व सांसद रघुवीर सिंह मीणा, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन और राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड विश्वविद्यालय उदयपुर के कुलगुरु प्रो. एस. एस. सारंगदेवोत होंगे। समारोह में चावंड आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी हितेश्वरानंद सरस्वती आशीर्वचन प्रदान करेंगे।

## सार-समाचार

### जमीन बेचने वाले दो गिरफ्तार

**उदयपुर,(कासं)।** मूल खातेदार की जगह डमी खातेदार बन कर फर्जी मुख्तियारनामा बना कर जमीन बेचने के मामले में दो आरोपियों को सविना थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 2 सितंबर 25 को पीडित अनिल पुनमिया ने एक रिपोर्ट पुलिस थाने में दी। जिसमें उसने बताया कि तितरडी रूपरजत विहार में मेरी जमीन हैं आरोपी महेन्द्र कुमार लौहार व साथी भूमाफियों के साथ मिल कर फर्जी मुख्तियारनामा आम बना कर उसके पक्ष में रजिस्ट्री निष्पादित कर उक्त जमीन को अन्य लोगों को बेच कर नकदी हडपने का कारोबार कर रहे है। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधक्षक उमेश ओझा, पुलिस उपाधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी राव अजयसिंह मय टीम ने कार्यवाही करते हुए वांछित भू माफिया महेन्द्र कुमार पुत्र मोहनलाल लोहार निवासी नोखा रोड़ मोती वाटिका के पास पानेरियों की मादड़ी हिरणमगरी व अनिल जैन पुत्र मांगीलाल जैन निवासी हिरणमगरी सेक्टर 4 को डिटैन कर पूछताछ की। इस पर आरोपियों ने पीडित की रूपरजत नगर तीतरड़ी स्थित जमीन का फर्जी मुख्तियार नामा आम तैयार कर जमीन अन्य लोगों को बेचने की जानकारी सामने आई। इस पर दोनों गिरफ्तार किया।

### दामाद के खिलाफ मामला दर्ज

**उदयपुर,(कासं)।** सास ने अपने दामाद के खिलाफ घर से जेवरात व नकदी चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता परवीन शेख पत्नी सद्दाम हुसैन निवासी वर्मा कॉलोनी सेक्टर 9 सविना ने अपने दामाद अलाबक्ष के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि मेरे मकान में दामाद भी साथ रहता है। गत दिनों 23सितंबर को वीसी के लिए रूपयों की आवश्यकता होने पर अलमारी का ताला खोला तो सोने के टॉप्स, ईयरिंग, चांदी की पायल तथा 18 हजार रूपये नकदी नहीं मिली। इस संबंध में दामाद से पूछताछ की तो उसने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया तथा उसके बाद से वह घर नहीं आया।

### धमका कर नकदी वसूलने का मामला

**उदयपुर,(कासं)।** पीडित को धमका कर नकदी वसूलने वाली आरोपी युवती के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित ने तरूण ने आरोपी युवती के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि आरोपी व मैं साथ में काम करते थे। इस दौरान उसने मुझसे नजदीकियां बढाई तथा साथ घूमने ले गई। जहां उसने वीडियों तैयार कर मुझसे नकदी वसूलना शुरू कर तथा महंगा मोबाईल फोन ले लिया। इसका विरोध करने पर धमकाना शुरू कर दिया।

### आगजनी का मामला दर्ज

**उदयपुर,(कासं)।** सुखेर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार में आग लगाने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित मोहन सिंह रावत उर्फ राहुल पुत्र उदय सिंह रावत निवासी राजेन्द्र नगर औद्योगिक नगर पाली हाल शालीभद्र नगर समतानगर बेदला ने आरोपी राजु जांगिड के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 10 अक्टूबर को न्यू आशापुरा होटल के पास अम्बेरी पर मेरी कार खड़ी की थी। मेरे वाहन चालक से अनबन होने के चलते रजिंश के चलते आरोपी राजु जांगिड मेरी कार में आग लगा कर फरार हो गया। आग से कार जल कर नष्ट हो गई। इस मामले में पुलिस ने प्रकरणं दर्ज कर जांच शुरू की।

### पैदल फ्लेग मार्च निकाला

**कपासन, (निसं)।** डीएसपी हरजी लाल यादव के नेतृत्व में आगामी दिनों में आने वाले त्योहारों को मदनजर रखते हुए नगर में कानून शान्ति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर नगरवासियों में संदेश देते हुए पुलिस जाप्ता द्वारा पैदल फ्लेग मार्च निकाला गया। रविवार को कपासन पांच बत्ती चोराहा से डीएसपी हरजी लाल यादव के नेतृत्व में पुलिस जाप्ता के साथ फ्लेग मार्च रवाना हुआ। जो लोडकिया चोक, पिपली बाजार नया बाजार ,पुराना राशमी रोड ,मोमिन मोहल्ला शिवाजी चोक ,बस स्टैंड होते हुए पांच बत्ती चोराहा कपासन पहुंच कर सम्पन्न हुआ। डीएसपी हरजी यादव ने फ्लेग मार्च के दौरान मार्ग में त्योहारों पर सभी से यातायात व्यवस्था व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए।

### कायाकिंग कैनोइंग प्रतियोगिता 17 व 18 को

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान की महिला कायाकिंग कैनोइंग खिलाड़ियों को सशक्त बनाने के लिए खेलो इंडिया अस्मिता कायाकिंग एवं कैनोंईंग लिग 2025-26 प्रतियोगिता का आयोजन उदयपुर-फतेहसागर के रिजनल कायाकिंग एवं कैनोईंग प्रशिक्षण केन्द्र पर 17 व 18 अक्टूम्बर को होगा।राजस्थान कायाकिंग कैनोइंग सचिव महेश पिम्पलकर ने बताया कि भारत सरकार के खेल मंत्रालय और भारतीय कायाकिंग कैनोइंग संघ द्वारा शुरू की गई खेलो इंडिया कायाकिंग कैनोइंग अस्मिता लीग का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की भागीदारी जल क्रीड़ाक्ष्कायकिंग कैनोइंग खेलो मे बढानी है ताकि जमीनी स्तर की महिला प्रतिभाओं को एक मंच मिल सकें।यह कायाकिंग कैनोइंग लीग खेलों इण्डिया पहल का हिस्सा है इसका मकसद ऐतिहासिक असंतुलन को दूर करना,नए अवसर पैदा करना और महिलाओं को सशक्त बनाना है इसके माध्यम से उदयपुर राजस्थान को एक वैर्श्विक खेल महाशक्ति बनानें और महिलाओं की केंद्रीय भूमिका स्थापित करने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है।

## सार-समाचार

### एक्सप्रेस रोडवेज बस सेवा शुरू

**राजसमन्द, (निसं)।** उदयपुर आगार ने राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की उदयपुर जयपुर वाया डबोक मावलीफतह नगर दरीबा माइंस रेलमगरा कुरज गंगापुर भीलवाड़ा गुलाबपुरा विजयनगर नसीराबाद श्रीनगर होकर जयपुर एक्सप्रेस रोडवेज बस सेवा प्रारंभ होने से आसपास ठामीण क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर छा गई इस रोडवेज बस सेवा से जयपुर और उदयपुर आने-जाने में जनता को काफी राहत मिलेगी यह रोडवेज बस कुरज बस स्टैंड आने पर कस्बे के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने चालक अशोक कुमार मीणा परिचालक दिलीप नागदा को तिलक लगाकर उपरनाओडाकर गुडमुह मीठा करवा कर स्वागत किया गया इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश गिरी गोस्वामी और गोपाल बोहरा राजकुमार तिवारी बसंती लाल सोनी मिठु लाल टेलर राधा रानी राजोरा बलदेव टेलर देवी लाल यादव गणपत लाल सोनी यशवंत कुमार लाहोटी प्रकाश सोनी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे परिचालक दिलीप नागदा ने बताया कि यह रोडवेज बस उदयपुर शाम को 5:30 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेगी जो डबोक 6:00 मावली 6:30 बजे फतह नगर 6:50 बजे दरीबा माइंस 7:20 बजे रेलमगरा 7:35 बजे कुरज 7:50 बजे गंगापुर 8:20 बजे भीलवाड़ा 9:20 बजे जयपुर सुबह 3:00 बजे पहुंचेगी वापसी जयपुर से सुबह 4:00 बजे उदयपुर के लिए रवाना होगी जो भीलवाड़ा सुबह 9:00 बजे पहुंच कर 9:15 बजे उदयपुर के लिए प्रस्थान करेगी गंगापुर 11:45 बजे कुरज 11:15 बजे रेलमगरा 11:30 बजे दरीबा माइंस12:00 बजे फतहनगर 12:30 बजे मावली 1:00 उदयपुर 2:00 बजे पहुंचेगी

### खाटू श्याम भजन संध्या आज

**उदयपुर,(कासं)।** श्री श्याम भक्तों की ओर से सोमवार 13 अक्टूबर को भव्य श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन रखा गया है जिसमें तीन बाण धारी बाबा खाटू श्याम के भजनों की प्रस्तुति होगी। शहर में सेक्टर 3 मुख्य मार्ग पर स्थित स्वागत वाटिका में शाम 7.15 बजे से आयोजित होने वाले इस संकीर्तन में प्रसिद्द भजन गायक जयपुर के अभिषेक नामा तथा उदयपुर के प्रतीक माहेश्वरी व इतिशा अग्रवाल अपनी भजनों की प्रस्तुतियों से भक्तों को सरोबार करेंगे। उमेश म्यूजिकल ग्रुप, नीमच और हल्दीघाटी के कृष्णा साउंड की ओर से बाबा की इस भव्य संध्या में सेवा दी जाएगी। इस संध्या में बाबा का विशेष श्रृंगार होगा जिसके लिए देसी-विदेशी फूल मंगवाए गए हैं। इत्र वर्षा व पुष्प वर्षा से पूरा पांडाल महक उठेगा। बाबा का अलौकिक श्रृंगार के साथ ही अखंड ज्योत के दर्शन भक्त कर सकेंगे तथा बाबा का छप्पन भोग भी पधराया जाएगा। बाबा के भव्य संकीर्तन में पधारने वाले सभी भक्तों के लिए महाप्रसादी भंडारा भी रहेगा।

### मानदेय और बोनस भुगतान की मांग

**डूंगरपुर, (निसं)।** राजस्थान मिड डे मील वर्कर्स यूनियन जिला कमेटी डूंगरपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष जीवतराम भगोरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कुक कम हेल्परों के पिछले चार माह से बकाया मानदेय भुगतान को लेकर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। यूनियन ने गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि बहुत ही अल्प मानदेय पर काम करने वाले इन महिला एवं पुरुष कार्मिकों को सरकार समय पर मानदेय नहीं दे रही है। साथ ही, दूध गर्म कर पिलाने की राशि का भुगतान भी पिछले कई महीनों से बकाया चल रहा है। यूनियन ने मांग की है कि सरकार को इन्हें प्रति माह सरकार द्वारा स्कूल अवकाश के दिनों का मानदेय काट लिया जाता है इसका यूनियन ने कड़ा विरोध दर्ज करते हुए मांग की कि पुरे 12 माह का मानदेय दिया जाये।यूनियन ने बताया कि सरकारों द्वारा कुक कम हेल्परों पर काम का भार लगातार बढ़ाया जा रहा है। हाल ही में प्रतिदिन सब्जी बनाने का काम बढ़ा दिया गया है, जिससे कार्मिकों का समय बढ़ गया है।

## प्रतिभाओं का किया सम्मान

**बांसवाड़ा, (निसं)।** वागड़ क्षित्रय महासभा खंड बांसवाड़ा के तत्वावधान में वागड़ क्षित्रय महासभा की ओर से राजपूत छात्रावास डांगपाड़ा में राजपूत समाज सम्मान समारोह के गढ़ी एसडीएम श्रवण सिंह राठौड़ के मुख्य आतिथ्य, वागड़ क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह देवदा की अध्यक्षता तथा पृथ्वीराज सिंह मोटागांव व कृष्णपाल सिंह टामटिया के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। समारोह में माध्यमिक-उच्च माध्यमिक स्तर, स्नातक-स्नातकोत्तर स्तर एवं बीएड व अन्य डिग्रीधारी 355 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही भारतीय एवं राजस्थान प्रशासनिक सेवाओं के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों नियुक्त 82 प्रतिभाओं एवं विशेष योग्यता के लिये 47 प्रतिभावान को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्रवण सिंह ने कहा कि समाज में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है लेकिन हमें शिक्षा के क्षेत्र में आगे आकर प्रतिभावान छात्रों को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस समय कई प्रशासनिक भर्तियां चल रही हैं।

# 'बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी आवश्यक होते हैं'

**उदयपुर, (कासं)।** दी आइंस्टीन किड्स प्री स्कूल अशोक नगर का वार्षिक उत्सव समारोह अटल बिहारी वाजपेई सभागार सेक्टर 4 में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण स्टेट कोऑर्डिनेटर श्री के के गुप्ता रहे और मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्री चुन्नीलाल गरासिया रहे। कार्यक्रम में उदयपुर जिला भाजपा महामंत्री पंकज बोराना और देवीलाल सालवी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का मेवाड़ी परंपरा अनुसार उपरना ओढ़कर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशेष अतिथि केके गुप्ता ने कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार होना भी बहुत जरूरी होते हैं और एक निजी विद्यालय होने के नाते आपकी जिम्मेदारी भी बड़ी बन जाती है। हमारे देश के बालक बालिकाएं सुसंस्कारित, शिक्षित और नैतिकवान बनेंगे तभी हमारा देश समृद्धशाली और विकसित बनेगा। गुप्ता ने कहा कि एक निजी विद्यालय होने के नाते, आपको शिक्षा में नवाचार और व्यक्तिगत ध्यान देने का अवसर मिलता है। मैं इस अवसर पर सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करना चाहूँगा, जो केवल पढ़ाने का काम नहीं करते, बल्कि हर छात्र के सपने को अपनी आँख से देखते हैं और उसे पूरा करने के लिए जी-जान लगा देते हैं।

गुप्ता ने कहा कि डूंगरपुर नगर परिषद में उनके सभापति कार्यकाल के दौरान एक जनप्रतिनिधि होने के दायित्व की पूर्ति करते हुए उनके द्वारा निशुल्क कोचिंग और पुस्तकालय की शुरुआत की गई। ताकि डूंगरपुर जनजाति क्षेत्र के युवा वर्ग भी उच्च प्रशासनिक और न्यायिक सेवाओं में चयनित होकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें। यहां पुस्तकालय में देश के लगभग सभी लेखक और पब्लिकेशन की पुस्तके उपलब्ध होती रही, तथा विद्यार्थी द्वारा कोई पुस्तक की मांग करने पर मात्र 24 घंटे में वह उपलब्ध करा दी जाती। आज के कंपटीशन के जमाने में अंग्रेजी भाषा का भी बहुत अधिक महत्व है इसलिए हमारे द्वारा डूंगरपुर में अंग्रेजी स्पोकन की भी निशुल्क कक्षाएं संचालित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद गरासिया ने कहा कि वार्षिक उत्सव हमें यह याद दिलाता है कि जीवन केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं है। यहाँ आप नृत्य, नाटक, संगीत और खेल के माध्यम से अपनी छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करते हैं। मंच पर खड़े होने का यह आत्मविश्वास, हार-जीत को स्वीकार करने का यह साहस, और टीमवर्क का यह हुनर, यही वह सबसे बड़ी शिक्षा है जो आप यहाँ से लेकर जाएंगे। अंत में सभी अतिथियों द्वारा आइंस्टीन किड्स विद्यालय परिवार को वार्षिकोत्सव आयोजन के लिए व बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की भी शुभकामनाएं दी गई।

# सीज दुकान से यूडीए टीम ने निकलवाया सामान, दूसरे दुकानदारों ने किया विरोध

■ उदयपुर विकास प्राधिकरण कमिश्नर राहुल जैन बोले प्रोसेस फॉलो किया

**उदयपुर, (का.स.) ।** उदयपुर सिटी के आरके सर्कल चौराहे पर सीज 35 दुकानों का मामला बढ़ता ही जा रहा है। यूडीए ने शनिवार रात को एक दुकानदार का सामान निकलवाया तो दूसरे दुकानदारों ने इसका विरोध किया।अन्य दुकानदार भी अपना सामान निकलवाने की कहने लगे।वहीं भाजपा और कांग्रेस के नेता भी दुकानदारों के समर्थन में उतर आए।

दरअसल यूडीए ने 10 अक्टूम्बर की शाम आरके सर्कल चौराहे पर बनी 35 दुकानों को सीज कर दिया था। शनिवार रात करीब 9 बजे यूडीए की टीम आरके सर्कल पर पहुंचीए वहां सीज की गई एक मिठाई की दुकान को खुलवा कर दुकान मालिक से सामान निकलवाया जा रहा था। इस बीच अन्य दुकानदार भी वहां पहुंच गए। उन्होंने यूडीए टीम के अधिकारियों से पूछा कि आप ये दुकान क्यों खुलवा रहे हैं और सामान को क्यों निकलवाया जा रहा है। उन्होंने यूडीए टीम से सीज दुकान को खोलने का ऑर्डर लेटर भी मांगा, लेकिन यूडीए की टीम सामान निकलवाने के बाद वहां से रवाना हो गई।

दुकानदारों ने इसका एक वीडियो भी बना लिया था।उदयपुर विकास प्राधिकरण कमिश्नर राहुल जैन ने बताया कि यूडीए ने दुकानदारों से शनिवार को हुई चर्चा के दौरान कहा था कि सीज दुकानों में किसी का सामान खराब हो रहा है या कोई सामान निकालना चाहता है, तो वह इसके लिए आवेदन कर सकता है। जिस दुकान से सामान निकलवाया गया उसको लेकर पूरा प्रोसेस फॉलो किया गया है।जिस दुकान से सामान निकलवाया गया उसका आवदेन मिला था। जिसे भी सामान निकालना है वह आवेदन कर सकता है।उल्लेखनीय है कि भाजपा के कुछ नेताओं ने मंत्री को शिकायत की थी इसके बाद यूडीए ने कार्रवाई की थी, दीपावली से पहले दुकानदारों का विरोध होता देख भाजपा फिर साथ आ गई और मामले को संभाला।

पूर्व जिलाध्यक्ष मांगीलाल जोशी ने पार्टी पदाधिकारियों से बात की। इसके बाद पार्टी के नेता सांसद के साथ यूडीए पहुंचे और दुकानदारों का सहयोग करने की अपील की गई। इस पर यूडीए की ओर से सोमवार को इस मामले में कोई रास्ता निकालने के लिए कहा गया है।

## तैयारियों का लिया जायजा

**उदयपुर,(कासं)।** झीलों की नगर उदयपुर में आगामी 14 एवं 15 अक्टूबर को होने वाली विभिन्न राज्यों के पर्यटन मंत्रियों की दो दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। जिला कलक्टर नमित मेहता एवं पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने रविवार को आयोजन स्थल होटल मेरिएट पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि इस कांफ्रेंस में कई राज्यों के राज्यपाल, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल, केंद्रीय पर्यटन मंत्री, राज्यों के पर्यटन मंत्री, भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार के उच्चाधिकारी भाग लेंगे। कांफ्रेंस में प्रदेश का प्रतिनिधित्व उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। जिला कलक्टर मेहता एवं एसपी गोयल रविवार दोपहर बड़ी मार्ग पर स्थित होटल मेरिएट पहुंचे।


**कार्यालय नगर परिषद निम्बाहेडा जिला-चित्तौड़गढ़ ( राज. )**

क्रमांक/नपनि/जनस्वा./25-26/4375 दिनांक:-09.10.2025

**निविदा सूचना क्रमांक 20/2025-26**

नगरपरिषद निम्बाहेड़ा द्वारा Providing Labor and Manpower for Street Cleaning and work in office, Municipal Council Nimbahera कार्य के लिए अनुभवी फर्मो/ठ्ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र में ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण sppp.rajasthan.gov.in के NIB Code DLB2526A6804 पर भी देख सकते है :-

**UBN :- DLB2526SLRC20696**

( विकास पंचोली ) प्रशासक नगर परिषद निम्बाहेड़ा

( कौशल कुमार खटूमरा ) आयुक्त नगर परिषद निम्बाहेड़ा


# संभाजी के टुकड़े करने वाला औरंगजेब कैसे कुशल प्रशासक : हरिभाऊ बागड़े

■ सुखाड़िया विवि के कुलगुरु के बयान पर कहा- सोच समझ कर शब्द मुंह से निकालने चाहिए

**उदयपुर, (कासं) ।**राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि औरंगजेब कैसे कुशल प्रशासक (एडमिनिस्ट्रेटर)हो सकता है। उसने छत्रपति शिवाजी के बेटे संभाजी के शरीर के टुकड़े किए,मंदिर तोड़े। बागड़े ने कहा कि जीवन में अच्छा बोलना चाहिए और सोच समझ कर अपने शब्द मुंह से निकालने चाहिए।

राज्यपाल बागड़े रविवार सुबह उदयपुर के डबोक स्थित एग्रीकल्चर साईंसेंस कॉलेज के सभागार में ऑल इंडिया अकाउंटिंग कॉन्फ्रेंस एंड इंटरनेशनल सेमिनार के शुभारंभकार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।बागड़े ने कहा कि ये पिछले दिनों उदयपुर की घटना है।मोहनलाल सुखाडि़या विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. सुनीता मिश्रा ने बयान दिया था कि औरंगजेब का मैनेजमेंट अच्छा था। ऐसे में लोगों ने उन पर कई सवाल उठाए थे और बोले कि बताओ कैसे अच्छा था।राज्यपाल ने कहा- छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे संभाजी के हाथ तोड़े,जीभ काटी, शरीर के एक.एक टुकड़े किए वो उनका मैनजेमेंट था। कैसे उन्होंने राजस्थान में एक परिपत्र निकालकर मंदिर तोड़े। तो ये कैसे अच्छा मैनेजमेंट हो सकता है। लोगों को पसंद आए वैसा बोलेंगे तो जीवन भी अच्छा होगा।

बता दें कि 12 सितंबर 2025 को सुखाडि़या यूनिवर्सिटी के एक कार्यक्रम में वीसी प्रो. सुनीता मिश्रा ने कहा था कि ऐतिहासिक दृष्टिकोण से हम महाराणा प्रतापए पृथ्वीराज चौहान और अकबर जैसे कई राजा.महाराजाओं के बारे में सुनते हैं। इनमें कुछ औरंगजेब जैसे कुशल प्रशासक (एडमिनिस्ट्रेटर) भी थे। इस बयान के बाद छात्रों ने हंगामा कर धरना प्रदर्शन किया था।हांलाकि विवाद बढ़ने के बाद कुलगुरु प्रो.सुनीता मिश्रा ने माफी मांग ली थी। सुनीता मिश्रा ने कहा था. वक्तव्य को गलत तरीके से तोड़.मरोड़कर पेश किया गया है। यदि उनके पूरे वक्तव्य को सुना जाए तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि उन्होंने औरंगजेब की प्रशंसा में कुछ नहीं कहा है।

इससे पहले राज्यपाल ने कहा कि अपनी कंपनी और व्यवहार के अकाउंट को अच्छी तरह से रखना है ये महत्वपूर्ण है। कोटिल्य का अर्थशास्त्र जरूर पढ़े। उसमें बहुत सारी व्यवस्थाएं दे रखी है। कौटिल्य ने दूसरा दीपक जलाया क्योंकि पहले दीपक में तेल था जो राष्ट्रीय खजाने से भरा गया था और वह कुछ सरकारी काम कर रहे थे, इसलिए उन्होंने उस दीपक का इस्तेमाल किया। उन्होंने दूसरा दीपक इसलिए जलाया क्योंकि उनका अपना निजी काम था।

उन्होंने कहा कि आदर्श रूप को अपने ध्यान में लाना और जीवन में लाना। अच्छे व्यवहार करने की सोच रखनाए उसमें थोड़ा बहुत राष्ट्र का फायदा जरूर होगा। राष्ट हित और उसका फायदा क्या है उसकी सोच मन में आप हमेशा रखना। देश हित की सोच से देश की प्रगति भी होती है। बच्चों के निर्माण में भी ऐसी सोच लाए, उनको प्रेरित करें तो वे अच्छे नागरिक, अच्छे अकाउटेंट बन सकते है। अच्छी कपंनी वाले भी बन सकते है और अच्छे सरकारी अधिकारी भी बन सकते है। ये सोच बहुत खास है।राज्यपाल ने कहा कि अपने शब्द और वाणी का ध्यान रखे। शब्द अपनी संपत्ति है, कुछ भी बोलते है तो यह ध्यान रखे कि अपना शब्द फिजुल नहीं जाए। कोई कुछ भी कहीं भी बोलते है और फिर उसका परिणाम अच्छा ही होता है। अपना जीवन अच्छा करना है तो अच्छी आदत जीवन में अपनाए। ऐसे बोलने से आप दूसरे को क्या समझाएंगे, उस पर क्या असर होगा, अच्छा या बुरा यह हमेशा के लिए ध्यान में रखने की बात है। मुख्य वक्ता प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य प्रो. गौरव वलूभ ने कहा कि आज से 30 साल पहले अकाउटिंग को लेकर कॉमर्स कॉलेज में कितने आवेदन आते थे और आज कितने आते है इस पर गौर करें। उन्होंने कहा कि अकाउंटिंग ने हमें यहां तक पहुंचाया तो अब हमारी बारी है कि इसके लिए हम कुछ करें। 30 साल पहले पीली पोथी से डबल एंट्री तक पहुंचे है और अब हमें एक दूरी और तय करनी है डबल एंट्री टू डबल वेल्यू। मतलब कि अकाउंटिंग को डबल वैल्यू करना है।वलूभ ने कहा कि हमें टीआरएआईएन मॉडल चाहिए। ये हमने लेखांकन में लागू नहीं किया तो लेखांकन इतिहास बन कर रह जाएगा।

स्वागत विद्यापीठ के कुलगुरु प्रो. कर्नल एस.एस. सांरगदेवोत और आयोजन सचिव भारतीय लेखांकन परिषद् के सचिव प्रो. शूरवीर सिंह भाणावत ने स्वागत किया।भारतीय लेखांकन परिषद उदयपुर शाखा और राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## सर्पदंश से किसान की मौत

**उदयपुर,(कासं)।** खेत पर काम करते समय सांप के काटने से किसान की मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सवेरे वाड़ा खादरी साकरोदा निवासी लेहरूलाल पुत्र भेराजी गागयरी अपने खेत पर काम कर रहा था। इस दौरान सांप के काटने पर घर लौट परिजनों को जानकारी दी। इस पर उसे परिजन एमबी चिकित्सालय ले गए। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। एएसआई भगवत सिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

## स्कूल में किया पौधारोपण

**बांसवाड़ा ।** छोटी सरवन ब्लॉक के राउप्रावि खूंटड़िया में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं ने पौधरोपण कर देखभाल की जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर संस्था प्रधान वनेश्वर गर्ग ने कहा कि पहले बालिकाओं को कमजोर समझा जाता था, लेकिन अब देश की राष्ट्रपति भी एक महिला हैं। यह महिला सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण है। लड़कियां देश की ताकत बनकर उभरेंगी और शान बनकर चमकेंगी। उन्होंने रानी दुर्गावती, रानी लक्ष्मीबाई, सुनीता विलियम्स और कल्पना चावला जैसी महान हस्तियों का उदाहरण देते हुए कहा कि बालिकाएं उनकी तरह ही उड़ान भरेंगी। गोविंद लाल निनामा ने कहा कि बालिकाएं किसी भी समाज की रीढ़ होती हैं। उन्हें सम्मान, अधिकार और अवसर प्रदान करके ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। इस अवसर पर विकास कुमार भगोरा, जगदीश चरपोटा, पवन कुमार कतीजा, चंद्रवीर सिंह राठौड़ आदि मौजूद रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत तिरोल पं.स. सायरा जिला उदयपुर**

क्रमांक: 25.26/ .10.2025

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक 221/230, दिनांक 10.10.2025 द्वारा निम्नलिखित निविदा सूचना द्वारा अनुंबन्ध पर कार्य करवाने हेतु निविदा सूचना जारी की गई है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र.स. | निविदा का विवरण | अनुमानित राशि | UBN No |
|---|---|---|---|
| 1. | 25.26/05 दिनांक 5.10.2025 | 10.00 लाख | ZUD2526WSOB02156 |
| 2. | 25.26/06 दिनांक 5.10.2025 | 7.00 लाख | ZUD2526WSOB02203 |

निविदा का विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in पर एवं ग्राम पंचायत कडेच/तिरोल पं.स. सायरा में कार्यालय समय में देखी/प्राप्त की जा सकती है।

सरपंच ग्राम पंचायत तिरोल

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत तिरोल

